आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, मंगलवार 03 फरवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 84
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

अप्रैल से 24 घंटे खुलेगा एयरपोर्ट




पेज-2

मल्लिका शेरावत ले रही हैं ड्रम बजाने की ट्रेनिंग



पेज-5

बोर्ड परीक्षा की तैयारी, 138 सेंटरों पर होगी परीक्षा




पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- एनडीए संसदीय दल की बैठक में शामिल होने के लिए संसद पहुंचे पीएम मोदी
- कोयला खनन स्कैम : बंगाल में 12 ठिकानों पर ईडी की रेड
- आज संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस संसदीय दल की होगी मीटिंग
- दिल्ली-एनसीआर में छाई कोहरे की चादर, विजिबिलिटी 100 मीटर तक गिरी
- यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों में अमेरिका को मिल सकती है अच्छी खबर : ट्रंप
- अमेरिका और यूक्रेन के साथ रूस की नई वार्ता 4-5 फरवरी को अबू धाबी में होगी
- लोनावला वैली में मिला नवी मुंबई से लापता कानून की छात्रा का शव
- क्रैश हो रहा था सोना-चांदी, अब अचानक तूफानी तेजी, चांदी झटके में 21000 मंहगी
- नागपुर एआईआईएमएस में मासूम ने तोड़ा दम, कफ सिरप ने फेल कर दी थीं दोनों किडनियां
- नेताओं के घर पर हमलों से भड़की वाइएसआरसीपी, नायडू सरकार को बताया जंगलराज

# कौन होगा मप्र भाजपा का नया संगठन महामंत्री!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • प्रदेश भाजपा में संगठन स्तर पर बड़ा बदलाव किया गया है। हितानंद शर्मा की आरएसएस में वापसी हो गई है। हितानंद शर्मा संघ के क्षेत्रीय सह बौद्धिक प्रमुख बनाये गए हैं। अब तक वे भाजपा में प्रदेश संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। हितानंद शर्मा वर्तमान में मप्र भाजपा के संगठन महामंत्री थे। हितानंद शर्मा के संघ में वापसी करने के बाद अब मप्र भाजपा में संगठन महामंत्री का पद खाली हो गया है। ऐसे में पार्टी के अगले संगठन महामंत्री के नाम को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। हालांकि भाजपा की तरफ से अभी तक किसी के भी नाम की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। सूत्र बताते है कि भाजपा में संगठन स्तर के इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी अब मप्र के बाहर के किसी व्यक्ति को सौंपी जा सकती है।

हितानंद शर्मा 5 साल से इस पद पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। इसके पहले वे सह संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। साल 2020 में उन्हें प्रदेश सह-संगठन महामंत्री बनाया गया था, जबकि 2022 में वे सुहास भगत जगह पर प्रदेश संगठन महामंत्री बनाए गए। हितानंद शर्मा की आरएसएस में जड़ें काफी मजबूत हैं। इसके अलावा ग्वालियर-चंबल अंचल में भी उनकी गहरी पकड़ है। उन्हें अच्छे कैडर मैनेजमेंट के लिए जाना जाता है। अब जबलपुर उनका केन्द्र यानी मुख्यालय होगा, जहां से वे एमपी और छत्तीसगढ़ में संघ की नई जिम्मेदारी संभालेंगे। हितानंद के साथ आरएसएस के तीन अन्य प्रचारकों की भूमिका बदली गई है। सुरेंद्र मिश्रा अब पूर्व सैनिक सेवा परिषद में काम करेंगे। मुकेश त्यागी ग्राहक पंचायत में काम संभालेंगे। वहीं ब्रजकिशोर भार्गव क्षेत्र गो सेवा प्रमुख बनाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, संगठनात्मक रणनीति के तहत यह बदलाव किया गया है। हितानंद शर्मा मूल रूप से अशोकनगर (चंबल क्षेत्र) के निवासी हैं। वे लंबे समय से विद्या भारती संगठन से जुड़े रहे हैं। संघ पृष्ठभूमि के चलते संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। हितानंद शर्मा की नई जिम्मेदारी तय होने के बाद नया प्रदेश संगठन महामंत्री को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। हालांकि, पार्टी की ओर से इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



### कैडर मैनेजमेंट में माहिर

मध्य प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री बनने से पहले वे सह संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वर्ष 2020 में उन्हें प्रदेश सह-संगठन महामंत्री बनाया था, जबकि 2022 में वे सुहास भगत के स्थान पर प्रदेश संगठन महामंत्री बने थे। आरएसएस में उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है, खासकर ग्वालियर-चंबल अंचल में। संगठन के भीतर उन्हें अनुशासन और कैडर मैनेजमेंट के लिए जाना जाता है। हितानंद शर्मा के संगठन महामंत्री रहते संगठन से लेकर चुनावी रणनीति में बड़ी कामयाबियां मिली हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान में उन्होंने माइक्रो-लेवल पर जाकर तैयारियां कीं। तकनीकी नवाचारों को जिस तरह अपनाया गया, वह भाजपा में पहला प्रयोग माना गया। भाजपा में निरंतर चलने वाले अभियानों की संपूर्ण जानकारी उनके मोबाइल और तकनीकी सिस्टम में उपस्थित रहती थी। विधानसभा चुनाव में ताबड़तोड़ जीत और लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत यानी 29 सीटों पर विजय के पीछे हितानंद शर्मा की पर्दे के पीछे रहकर चुनावी तैयारी का बड़ा योगदान था। हितानंद शर्मा तत्कालीन संगठन महामंत्री सुहास भगत के सह संगठन महामंत्री के रूप में भाजपा में आए थे। पार्टी से पहले उन्होंने लगभग 10 वर्षों तक विद्या भारती का काम देखा। उससे भी पहले वे तहसील प्रचारक, जिला प्रचारक और विभाग प्रचारक जैसे दायित्व निभा चुके हैं।



**घना कोहरा** देपालपुर के इंदौर रोड पर 9 :00 बजे तक घना कोहरा छाया हुआ है। अंतिम समय ठंड और कोहरा हो रहा है इस समय शादियों का सीजन भी चल रहा है। ऊपर से ठंड का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वर्तमान समय में सुबह क्षेत्र में कोहरा छाया हुआ है। छायाचित्र : निलेश चौहान

# उनको कभी मौका नहीं मिला... राहुल गांधी के बयान पर हंगामे के बाद चिंता में विपक्षी नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • लोकसभा में सोमवार का दिन काफी हंगामा भरा रहा। राहुल गांधी ने एक तथाकथित किताब के कुछ अंशों का जिक्र किया, जिस पर रक्षा मंत्री और गृह मंत्री ने कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच सदन में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। जिसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी नेताओं ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि राहुल गांधी को सदन में बोलने से रोका जा रहा है। जानें किसने क्या कहा।



**उनको कभी मौका नहीं मिला**- लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के संसद के अंदर दिए गए बयान पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि उनको अपनी चिंताएं बताने का मौका कभी नहीं मिला। आर्टिकल में सेना या सैनिकों पर बिल्कुल भी आरोप नहीं लगाया गया है। मुद्दा केंद्र सरकार द्वारा लिए गए या न लिए गए कुछ फैसलों के बारे में है और साफ तौर पर राहुल यही मुद्दा उठाना चाहते थे। सरकार को इतना ज़्यादा रिएक्ट करने की ज़रूरत नहीं थी।

### प्रदेश के जिम्नास्ट की मौत पर उठे सवाल

# नेशनल टूर्नामेंट में नौसीखिए कोच के साथ भेजी टीम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • प्रदेश के जिम्नास्ट और 'गोल्डन बॉय' कहे जाने वाले उजैर अली की दर्दनाक मौत ने प्रदेश के खेल जगत और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को सवालों के घेरे में ला दिया है। जांच की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि उजैर समेत 44 बच्चों का जो दल नेशनल गेम्स खेलने कोलकाता गया था, उनके साथ शिक्षा विभाग ने अनट्रेंड स्टाफ को भेज दिया था।

टीम के साथ जो 8 कोच गए थे वो साधारण टीचर थे। किसी के पास भी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला से जिम्नास्टिक कोचिंग में डिप्लोमा नहीं था। यह एक साल का स्पेशल कोर्स है, जिसमें खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने के साथ ये भी सिखाया जाता है कि चोट लगने पर खिलाड़ी को प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाता है?

उजैर अली जिम्नास्टिक का राष्ट्रीय खिलाड़ी था। कोलकाता में नेशनल गेम्स में प्रैक्टिस के दौरान वह घायल हो गया था। कोलकाता के पीजी अस्पताल में उसका 14 दिन तक इलाज चला लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। परिजन का आरोप है कि जैसे ही वह कोलकाता पहुंचे पूरा स्टाफ उन्हें उनके हाल पर छोड़कर वापस एमपी लौट आया।हालांकि दल प्रबंधक रामसिंह बनिहार ने इन तमाम आरोपों को खारिज किया और कहा कि शिक्षा विभाग ने सर्टिफाइड कोच की भर्ती ही नहीं की। हम साधारण शिक्षक लोग है जो बड़े फैसले लिए जाने थे वो हम नहीं ले सकते थे।

# ट्रंप की ट्रेड डील में कमी से रॉकेट बना शेयर बाजार, रुपया भी खुशी से झूमा

**मुंबई (एजेंसी)** • भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ डील पर बनी सहमति से शेयर बाजार में जबरदस्त उत्साह देखा गया। आज शेयर बाजार जोरदार उछाल के साथ खुले। प्री-ओपनिंग सेशन में ही सेंसेक्स ने 3,800 अंकों की ऐतिहासिक छलांग लगाई, वहीं निफ्टी में भी 1,500 अंकों के साथ बड़ा उछाल देखा गया। ट्रेड डील फाइनल होने के फैसले को निवेशकों ने दोनों हाथों से लिया और बाजार खुलते ही खरीदारी इतनी तेज रही कि शुरुआती कुछ मिनटों में ही ऑटो, फार्मा, टेक्सटाइल समेत सभी सेक्टर्स हरे निशान में पहुंच गए। मंगलवार को रुपया भी बड़ी मजबूती के साथ खुला।

सुबह 9:45 बजे सेंसेक्स 2.66% या 2,174 रुपये के उछाल के साथ 83,840 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे, वहीं निफ्टी 2.65% या 665 अंकों के उछाल के साथ 25,757 पर ट्रेड कर रहा था।



टैरिफ डील का सकारात्मक असर फॉरेक्स मार्केट में भी दिखा। मार्केट खुलते ही रुपया 1.2% मजबूत होकर सोमवार के 91.52 के स्तर से उछलकर 90.4 तक पहुंच गया। यह पिछले कई महीनों में रुपया-डॉलर बाजार की सबसे मजबूत शुरुआती चालों में से एक रही। निवेशकों के अनुसार, अमेरिकी टैरिफ में कमी से भारत के निर्यात और विदेशी पूंजी प्रवाह पर सकारात्मक असर होगा, जिससे रुपया और भी मजबूत रह सकता है।

**अमेरिका ने 25% से घटाकर 18% किया टैरिफ**-भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बनी सहमति से भारतीय शेयर बाजार में आज बड़ा उछाल आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को 25% से घटाकर 18% कर दिया है। ट्रंप के इस ऐलान से भारत के विदेशी व्यापार को लेकर उम्मीदें जगी हैं। जल्द ही इस ट्रेड डील की तस्वीर साफ होने की उम्मीद की जा रही है। आज मंगलवार को शेयर बाजार पर इसी का असर देखा गया।

भारतीय शेयर बाजार लंबे समय से अमेरिकी टैरिफ का दबाव झेल रहे शेयर बाजार में रौनक लौटी है। जानकारों ने बताया था कि खासतौर से एक्सपोर्ट से जुड़े सेक्टर्स, जैसे ऑटो, टेक्सटाइल, फार्मा, सीफूड, कंज्यूमर गुड्स से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। वहीं, इससे उलट, जिन सेक्टर्स पर अमेरिकी आयात बढ़ने का खतरा है, वहां थोड़ा दबाव भी बन सकता है।

**मंथन** प्रदेश युवा मोर्चा की नई टीम को लेकर वरिष्ठों से सलाह

# श्याम टेलर की पहली टीम में इंदौर से 3-4 नामों की चर्चा, बढ़ेगा दबदबा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्याम टेलर की पहली प्रदेश टीम को लेकर संगठन के भीतर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, टीम की औपचारिक घोषणा से पहले फाइनल राउंड की बातचीत चल रही है और इस पूरी कवायद में इंदौर का वजन सबसे ज्यादा भारी नजर आ रहा है।

संगठन से जुड़े अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि इस बार की टीम में इंदौर से 3 से 4 चेहरों को जगह देना लगभग तय माना जा रहा है। यही वजह है कि इंदौर लॉबी को प्रदेश राजनीति में मजबूत संदेश देने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। शामिल होने वालों इंदौर से शुभेंद्र सिंह गौड़ का नाम बताया जा रहा है। वर्तमान में युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री रहे गौड़ को संगठन और युवाओं, दोनों स्तर पर स्वीकार्य चेहरा माना जाता है। सूत्रों की मानें तो टीम श्याम टेलर में उन्हें 'की रोल' सौंपा जा सकता है, जिससे वे प्रदेश संगठन में निर्णायक भूमिका निभाते नजर आएं। वहीं युवा मोर्चा के वर्तमान नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा भी दौड़ में मजबूत स्थिति में बताए जा रहे हैं। संगठन के भीतर उनकी छवि ग्राउंड पर काम करने वाले नेता की रही है। पिछले कार्यकाल में संगठनात्मक संतुलन बनाए रखने के चलते उनका नाम सेफ चॉइस के तौर पर देखा जा रहा है।

इंदौर से तीसरा अहम नाम नितिन द्विवेदी का बताया जा रहा है। भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दोनों में कार्य अनुभव रखने वाले द्विवेदी को संगठन और कम्युनिकेशन ब्रिज के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि मीडिया और विचारधारा, दोनों मोर्चों पर उनकी पकड़ उन्हें प्रदेश टीम में खास बनाती है। इसके अलावा नयन दुबे, जो एबीवीपी पृष्ठभूमि से युवा मोर्चा तक पहुंचे हैं और वर्तमान में नगर उपाध्यक्ष हैं, उनके नाम पर भी सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। छात्र राजनीति से संगठन तक की यात्रा उन्हें युवा वर्ग में स्वीकार्य बनाती है। इन नामों के अलावा नगर महामंत्री धीरज ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष अमित पालीवाल जैसे चेहरे भी रडार पर बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर संकेत साफ हैं कि टीम श्याम टेलर में इंदौर को प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है।

# गंदे पानी से हुई मौतों पर संसद में उठे सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • राज्यसभा में सांसद अशोक सिंह ने पूछा कि क्या हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार यह स्वीकार करती है कि जबकि इंदौर को 'स्मार्ट सिटी अवार्ड' मिलता है, भागीरथपुरा जैसे क्षेत्रों में निवासी सीवेज मिश्रित पेयजल आपूर्ति में प्रशासन की आपराधिक लापरवाही के कारण मर रहे हैं, यदि हां, तो क्या नगर आयुक्त और जिम्मेदार इंजीनियरों पर लापरवाही के लिए मामला दर्ज किया गया है या उन्हें दोषी ठहराया गया है, न कि केवल निम्न-स्तरीय कर्मचारियों पर दोषारोपण करने के लिए। इसके अलावा सांसद ने पूछा कि क्या मृतकों के परिजनों को प्रदान किए गए मुआवजे (वित्तीय और



रोजगार) के विशिष्ट विवरण और क्यों मंत्रालय बुनियादी जीवन-रक्षक संरचना विफल होने पर 'स्मार्ट सिटी' विपणन के लिए धन प्रदान करना जारी रखता है? सवाल का जवाब देते हुए हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मंत्रालय में राज्य मंत्री साहू ने बताया कि जल एक राज्य का विषय है और जल प्रबंधन राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। भारत सरकार राज्य के प्रयासों को योजनाबद्ध हस्तक्षेप/परामर्श के माध्यम से समर्थन देती है। यह जल आपूर्ति और सीवरेज प्रणालियों सहित शहरी सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से अनुमोदित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन और अमृत 2.0 जैसी विभिन्न योजनाओं/मिशनों के माध्यम से राज्यों को वित्तीय और तकनीकी समर्थन प्रदान करता है।

# बड़ेगांव में जबरेश्वर सेना का महाशिवरात्रि पर बड़ा आयोजन

## नगर होगा भगवामय विधानसभा से जुटेंगे सैकड़ो कार्यकर्ता

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

महाशिवरात्रि के पर्व पर देपालपुर नगर में जबरेश्वर महादेव का जलाभिषेक और चल समारोह का आयोजन होगा आयोजन करता जबरेश्वर सेना के संरक्षण हिंदूवादी नेता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी देपालपुर में जबरेश्वर महादेव का जलाभिषेक शिवरात्रि को किया जाएगा देपालपुर विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे इसको लेकर जोर-शोर से तैयारी चल रही है नगर को भगवा रंग के झंडों से सजाया जाएगा इस दिन नगर के व्यापारी भी अपने प्रतिष्ठान बंद कर सहयोग करते है।

मंदिर वर्ग विशेष जगह पर होने के कारण प्रशासन का पुख्ता इंतजाम इस आयोजन में रहता है। शिवरात्रि के दिन करीब 200 पुलिसकर्मी नगर में तैनाद रहते हैं। साथ ही एसडीएम तहसीलदार एसडीओपी थाना प्रभारी लगातार क्षेत्र का दौरा करते हैं। वर्तमान में मंदिर खंडर अवस्था में है और वर्तमान हालातो में प्रशासन के कब्जे में है।वर्तमान में यह मामला कोर्ट में विचाराधीन हैं।लेकिन हिंदूवादी नेता राजेंद्र चौधरी जबरेश्वर सेना के माध्यम से प्रतिवर्ष यहां पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही भव्य रूप में जलाभिषेक भी किया जाता है। शुरू से ही जबरेश्वर महादेव मंदिर निर्माण को लेकर चौधरी संघर्ष कर रहे उन्होंने मंदिर निर्माण को लेकर गांव गांव संकल्प भी दिलवाया हैं।

महाशिवरात्रि के दिन बड़ी संख्या में



लोग देपालपुर पहुंचते हैं साथ ही कही महात्मा और साधु संत भी इस दिन देपालपुर में मौजूद रहते हैं क्योंकि यह मंदिर देपालपुर की आस्था का केंद्र बन चुका है। मंदिर की जगह को हरफूल मालाओं से सजाया जाता हैं आसपास बेरी गेट लगाए जाते हैं जिसकी तैयारी एक दिन पहले से शुरू हो जाती है। देपालपुर की जनता को मंदिर निर्माण का बेसब्री से इंतजार है उनको उम्मीद है राजेंद्र चौधरी ने जो मंदिर निर्माण को लेकर पीड़ा उठाया है। एक दिन यह सपना साकार होगा आम जनता का कहना है राम मंदिर जैसे बड़े मंदिरों का निर्माण अयोध्या में हो गया है। देपालपुर तो बहुत छोटी जगह एक दिन यहां भी जबरेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण होगा और जबरेश्वर महादेव यहां विराजमान होगे। हिंदूवादी नेता राजेंद्र चौधरी का देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में यह तीसरा सबसे बड़ा आयोजन है। इसके पहले उन्होंने मध्यप्रदेश केसरी का आयोजन देपालपुर में किया था जिसमें मध्यप्रदेश के कहीं जिलों से पहलवान अपने दावपेच दिखने पहुंचे थे लगातार क्षेत्र में उनकी सक्रियता कई नेताओं को रास नहीं आ रही क्योंकि धर्म ध्वज का झंडा तो इन्होंने क्षेत्र में गाड़ दिया है। साथ ही आम जनता की सेवा भी कर रहे हैं। क्षेत्र में लगातार चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। राजेंद्र किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं तीन महीनो में तीन बड़े आयोजन हो रहे है बाकी नेता क्षेत्र से गायब है।उन्हें समझ नहीं आ रहा करें तो क्या करें चाहे पहलवानी का क्षेत्र हो चाहे धर्म की का क्षेत्र हो चाहे समाज सेवा का क्षेत्र हो सब पर पहलवान ही भारी नजर आ रहे हैं।

---

## न्यूज ब्रीफ

### स्क्रैप से बनी हेलमेट की प्रतिकृति का अनावरण




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** सड़क सुरक्षा के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा अनूठी पहल की गई। इस विशेष हेलमेट प्रतिकृति का पुलिस आयुक्त संतोषसिह ने अनावरण किया। यह विशेष हेलमेट प्रतिकृति लोहे, प्लास्टिक, वाहनों के पुराने, अनुपयोगी पार्ट्स जैसे गियर, डिस्क, स्प्रिंग, टायर, हेडलाइट आदि स्क्रैप सामग्री से बनाई गई है। आमतौर पर कबाड़ समझे जाने वाले इन सामानों को कलात्मक रूप देकर हेलमेट की उपयोगिता और जीवन रक्षा का सशक्त संदेश दिया गया है। पुलिस आयुक्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचार लोगों को आकर्षित करते हैं और सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर विषय को प्रभावी ढंग से समझाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से स्वयं हेलमेट पहनने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

### दो दिवसीय 'राग अमीर' का आयोजन 4 एवं 5 फरवरी को जाल सभागृह में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले प्रतिष्ठित सांगीतिक आयोजन 'राग अमीर' का दो दिवसीय आयोजन इस वर्ष 04 एवं 05 फरवरी को किया जाएगा। यह आयोजन महान संगीतज्ञ उस्ताद अमीर खाँ की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से किया जाता है। यह आयोजन भारतीय शास्त्रीय संगीत के गायन एवं वादन पर केंद्रित है, जिसमें देश एवं प्रदेश के लब्धप्रतिष्ठित एवं साधनारत वरिष्ठ तथा युवा कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वरांजलि अर्पित करेंगे। उक्त आयोजन जिला प्रशासन इंदौर के सहयोग से साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में किया जाएगा।

### भागीरथपुरा में अब शहर कांग्रेस का डीपी अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण अब तक 32 लोगों की मौत का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। अब इस मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा 'भागीरथपुरा मांगे न्याय' अभियान तेज किया जा रहा है। शहर कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेसजनों से अपील की है कि अभियान से जुड़ा मोनो अपनी-अपनी डीपी पर अनिवार्य रूप से लगाएं। इस पहल के जरिए पीड़ितों के समर्थन और न्याय की मांग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। जानकारी के अनुसार यह अपील शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे द्वारा की गई है। कांग्रेसियों ने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर इसे लगाना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इस कथित जल त्रासदी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए आंदोलन का ऐलान किया है। कांग्रेस ने इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजन को एक करोड़ प्रति व्यक्ति के हिसाब से मुआवजा राशि देने की मांग की है। कांग्रेस की ओर से मंगलवार को राजवाड़ा क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिह वर्मा एवं कांग्रेस नेत्री उषा नायडू करेंगी। कांग्रेस नेताओं ने महापौर एवं नगरीय निकाय मंत्री से इस्तीफे की मांग की है।

---

# नर्सेस का आंदोलन शुरू, डीन को दिया गया मांगों का ज्ञापन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** सोमवार को समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 14 सूत्रीय मांगों को लेकर किए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत प्रथम चरण में नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जाट व समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के संभागीय अध्यक्ष गोपाल बहाङ के नेतृत्व में एमजीएम कॉलेज इंदौर में पदस्थ कर्मचारियों ने डीन डॉ. अरविंद धनधीरिया को प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्स्य शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के प्रदेश सलाहकार प्रेमलता राठौर, सदस्य चन्द्रवीर सिंह चौहान, संभागीय अध्यक्ष नटवर पराशर, महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेश कटारे, गोविन्द त्रिपाठी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# आयुष चिकित्सा से अब गंभीर मरीजों को घर पर मिलेगा इलाज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत शुरू किया गया कारुण्य पायलट प्रोजेक्ट गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आया है। इस योजना के जरिए अब मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि आयुष चिकित्सा सेवाएं उनके घर तक पहुंचाई जा रही हैं। मध्यप्रदेश में इस प्रोजेक्ट के लिए शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज इंदौर को नोडल सेंटर बनाया गया है।

इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य कैंसर, लकवा, आर्थराइटिस, हृदय रोग, डायबिटीज, किडनी रोग, अल्जाइमर, पार्किंसन और बच्चों की गंभीर बीमारियों में पेलिएटिव केयर देना है। खासतौर पर वे मरीज, जो उम्र या गंभीर हालत के कारण अस्पताल नहीं पहुंच पाते, उन्हें घर पर ही इलाज, दर्द नियंत्रण और मानसिक सहयोग दिया जा रहा है। आयुष पद्धति के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिह चौहान के अनुसार, प्रोजेक्ट के शुरुआती चरण में इंदौर जिले को चुना गया है। कॉलेज के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के आठ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जोड़े गए हैं। इनमें गवली पलासिया, धार नाका, कराड़ी मांगलिया क्षेत्र शामिल हैं।

### मरीज और परिजन दोनों को राहत

राष्ट्रीय आयुष मिशन, मप्र के राजीव मिश्रा ने बताया कि आयुष चिकित्सा के जरिए गंभीर बीमारियों में मरीजों को बेहतर सहारा दिया जा सकता है। चिकित्सक और बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मी मरीज की स्थिति देखकर घर पर ही उपचार और देखभाल कर रहे हैं, जिससे मरीज और परिजनों दोनों को राहत मिल रही है। कैंसर सेवा प्रोजेक्ट के तहत 2025 में कॉलेज की कैंसर यूनिट में 1013 मरीजों का इलाज किया गया। इनमें 379 नए और 634 फॉलोअप मरीज शामिल रहे। इलाज में आयुर्वेदिक दवाएं, योग, जीवनशैली सुधार, आहार और आध्यात्मिक चिकित्सा को शामिल किया गया।

---

**सीमित समय तक संचालन के बावजूद एयरपोर्ट ने मजबूत ग्रोथ दर्ज की, जनवरी में बढ़े यात्री**

# अप्रैल से 24 घंटे खुलेगा एयरपोर्ट, परीक्षा के बाद ट्रैवल सीजन से और बढ़ेगी रफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** नए साल की शुरुआत इंदौर के हवाई सफर के लिए शुभ साबित हुई है। जनवरी 2026 में देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर यात्रियों की संख्या में बीते साल की तुलना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सीमित समय तक संचालन के बावजूद एयरपोर्ट ने मजबूत ग्रोथ दर्ज की है। एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा तैयार की गई मासिक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 में इंदौर एयरपोर्ट से 3,97,098 यात्रियों ने सफर किया, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 3,77,207 था, जबकि दिसंबर




में 3,68,460 यात्रियों ने सफर किया था। प्रबंधन ने बताया कि रनवे मरम्मत के चलते फिलहाल एयरपोर्ट रात 10:30 बजे से सुबह 6:30 बजे तक बंद रहता है। इसके बावजूद केवल 16 घंटे संचालन में यात्रियों की यह संख्या इंदौर में बढ़ती हवाई यात्रा मांग का संकेत है। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार अप्रैल से रनवे का कार्य पूरा होने के बाद इंदौर एयरपोर्ट फिर से 24 घंटे संचालित होगा। इससे नई उड़ानों और सीट क्षमता में बढ़ोतरी की संभावना है।

### बोर्ड परीक्षाओं के बाद आएगा ट्रैवल सीजन

ट्रैवल एजेंट्स के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं के बाद अप्रैल से गर्मियों का ट्रैवल सीजन शुरू होगा। पारिवारिक यात्राएं, धार्मिक पर्यटन और छुट्टियों के चलते इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में और तेज उछाल आने की उम्मीद है। डोमेस्टिक के साथ इंटरनेशनल उड़ानों को मिल रहा बेहतर रिस्पॉन्स यह दर्शाता है कि इंदौर तेजी से मध्यभारत के प्रमुख एविएशन हब के रूप में उभर रहा है।

# बेकरी परिसर में गंदगी पाए जाने खाद्य कारोबार तुरंत प्रभाव से कराया बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा चंदन नगर धार रोड स्थित न्यू मिलन बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर अज़हर खान पिता अफ़ज़ल खान उपस्थित मिले। संस्थान में खाद्य पदार्थ टोस्ट का निर्माण किया जाना पाया गया। परिसर में अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ का निर्माण किया जा रहा था। परिसर की दीवारें तथा फर्श गंदी पाई गई, रॉ मटेरियल फर्श के संपर्क में रखे पाए गए। कर्मचारी बिना कैप और अप्रोन के काम करते पाए गए। परिसर में निर्माण स्थल में टोस्ट मिलाए जाने वाला संदिग्ध पाउडर मिला जो कि विक्रेता के बताए अनुसार टोस्ट निर्माण में मिलाया जाना बताया गया। उक्त पाउडर में सेकरिन मिले होने की आशंका होने पर तैयार टोस्ट एवं उक्त पाउडर के नमूने जाँच हेतु लिए गए तथा 210 किलोग्राम टोस्ट जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 19 हजार रुपए है। परिसर में अत्यंत गंदगी पाए जाने तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए अनुकूल परिस्थिति नहीं होने के कारण हिदायत देते हुए सुधार होने तक खाद्य कारोबार तुरंत प्रभाव से बंद कराया गया। एक अन्य दल द्वारा तिलक पथ स्थित सेठ प्रोडक्ट का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रोप. सोनाली सेठ मिली। मौका जांच के दौरान पान चटनी का निर्माण एवं संग्रहण होना पाया गया। पान चटनी में कलर मिलाया जा रहा था, साथ ही पान चटनी का निर्माण बिना खाद्य लाइसेंस के किया जा रहा था। खाद्य के लाइसेंस में पान चटनी के निर्माण संबंधी कोई जानकारी अंकित नहीं थी।

---

# खंडवा रोड पर नशे में धुत लोडिंग वाहन चालक ने चार लोगों को मारी टक्कर, दो की हालत गंभीर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** शहर के खंडवा रोड पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़े चार लोगों को एक तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बच्ची को भी चोंटें आई है। दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लोडिंग वाहन का चालक नशे में



धुत था और वाहन पर उसका नियंत्रण पूरी तरह से खत्म हो चुका था। वाहन इतनी तेज गति में था कि टक्कर लगने के बाद दो युवक करीब 15 फीट तक वाहन के साथ घसीटते चले गए। हादसे में घायलों के हाथ, पीठ और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने वाहन को रुकवाया और चालक को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि चालक नशे में था और लगभग बेहोशी की हालत में था। आक्रोशित लोगों ने उसकी धुनाई कर दी, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# मत्स्य विभाग के सचिव स्वतंत्र कुमार ने इंदौर में मत्स्यबीज संबंधित गतिविधियों का किया अवलोकन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन के सचिव स्वतंत्र कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यालय संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग तथा कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग इंदौर एवं शासकीय मत्स्यबीज प्रक्षेत्र बिलावली का निरीक्षण किया। उन्होंने मत्स्यबीज संबंधित गतिविधियों का अवलोकन कर मत्स्यबीज उत्पादन को बढाने हेतु निर्देशित किया तथा विभाग की संभागीय समीक्षा भी की गई। इसी के साथ सचिव सिंह ने निजी क्षेत्र में मत्स्य कृषक अजय फिश कियोस्क का निरीक्षण कर मत्स्य विक्रय की प्रोसेसिंग तथा आधुनिक तकनीकी का अवलोकन किया तथा विकासखण्ड इंदौर अंतर्गत स्थित यशवंत सागर जलाशय में स्थापित केज एवं यशवंत सागर जलाशय पर पंजीकृत मत्स्य समिति के द्वारा स्थापित मत्स्यबीज उत्पादन हैचरी, पौण्डो में पंगेशियस कल्चर आदि मत्स्य पालन संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव सिंह के द्वारा निर्देशित किया गया कि मत्स्य विक्रय में प्रोसेसिंग तथा आनलाईन एप के माध्यम से घर पहुंच सेवा वाले कार्य को बढावा देकर अन्य मत्स्य कृषकों को जागरूक किया जाये। मत्स्य पालन अंतर्गत आवंटित तालाबों में मत्स्य पालन के साथ अतिरिक्त रोजगार के रूप में कमल के फूलों के उत्पादन पर भी ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।

---

# इंदौर-उज्जैन-अंबाह में घना कोहरा; विजिबिलिटी 30 मीटर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से मध्य प्रदेश में ओले-बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को भोपाल, ग्वालियर, रीवा समेत 20 जिलों में मावठा गिरने का अलर्ट है। भोपाल और भिंड में मंगलवार तड़के बारिश हुई। रायसेन में ओस की बूंदें जम गईं। ग्वालियर में ओले गिरे, जिससे फसलों को नुकसान हुआ है।

वहीं इंदौर, उज्जैन और मुरैना के अंबाह में घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी 30 से 50 मीटर रह गई है। मौसम विभाग के अनुसार, इसके बाद 3 दिन प्रदेश में कोहरा छाएगा। वहीं, नए सिस्टम की वजह से फिर से बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

सोमवार को भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और जबलपुर संभाग के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश और बादल वाला मौसम रहा। टीकमगढ़, आगर-मालवा, अशोकनगर में सुबह ही बारिश हो गई, जबकि कुछ जिलों में शाम को मौसम बदला। उत्तरी हिस्से में सबसे ज्यादा असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने मंगलवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। इनमें से कई जिलों में सुबह मध्यम कोहरा भी रहा। 4 फरवरी- शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मध्यम कोहरा रहेगा। 5 फरवरी- राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कोहरे का असर देखने को मिलेगा।

6 फरवरी- गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कोहरा रहेगा। दमोह में आसमान में बादल छाए हुए हैं। इलाके में ठंडी हवा चल रही है, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### एमजीएम मेडिकल कॉलेज के छात्र ने की खुदकुशी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास कोई सुसाइड नोट तो नहीं मिला, लेकिन उसके सहपाठी ने बताया कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और कक्ष को सील किया। 25 वर्षीय अंतरिक्ष अग्रवाल मूलत: ग्वालियर का रहने वाला था, वह एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। सोमवार को वह कॉलेज भी नहीं गया था और दिनभर अपने रूम में ही था।अंतरिक्ष हॉस्टल के बी. ब्लॉक में 43 नंबर के कमरे में हर्ष कौशिक के साथ रहता था। दोनों साथ ही कॉलेज जाते थे, लेकिन सुबह अंतरिक्ष ने कहा कि उसका कॉलेज आने का मन नहीं है। हर्ष जब शाम को कॉलेज से लौटा तो, अंतरिक्ष ने दरवाजा नहीं खोला। हर्ष ने उसे कॉल किया, लेकिन फोन भी उसने नहीं उठाया। इसके बाद हर्ष ने दोस्तों की मदद से दरवाजा खोला तो देखा कि अंतरिक्ष फंदे पर लटका हुआ था। दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अंतरिक्ष के रूम की छानबीन की, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने उसका मोबाइल जांच के लिए जब्त किया है, ताकि यह पता चल सके कि आत्महत्या से पहले उसने किससे संपर्क किया था। आत्महत्या के बाद कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया भी हॉस्टल गए थे।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 03 फरवरी 2026

न्यूज ब्रीफ

### रविदास जयंती के उपलक्ष में विशाल रैली निकाली गई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • समाजवादी पार्टी द्वारा रविदास जयंती के उपलक्ष में छोटा बागरडा क्षेत्र में विशाल रैली निकाली गई इंदौर समाजवादी पार्टी द्वारा रविदास जयंती के उपलक्ष में छोटा बागरडा क्षेत्र में विशाल रैली निकाली गई, रैली के समापन के बाद समाजवादी पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष किरण गोरे के यहां पर एक मीटिंग का आयोजन भी किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी द्वारा निर्णय लिया गया कि पार्टी द्वारा सिमरोल क्षेत्र में भी एक विशाल रैली आने वाले दिनों में निका ली जाएगी रैली मैं मुख्य रूप से महिला जिला अध्यक्ष किरण गोरे महेंद्र गोरे शहर अध्यक्ष राजेंद्र यादव रामस्वरूप मंत्री मोहम्मद अली सिद्दीकी मनोज हडिया डीएस मिश्रा अमन यादव आदि पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नया बजट नए भारत की उड़ान को नए पंख देने वाला - गोयल

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • श्री अग्रसेन महासभा के पूर्व अध्यक्ष, सीए शाखा इंदौर एवं टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसो इंदौर के पूर्व अध्यक्ष सीए एसएन गोयल ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को विकसित भारत की उड़ान को नए पंख देने वाले बजट निरुपित किया है। बजट के अवलोकन के बाद सोमवार को उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए समाज बंधुओं को स्पष्ट किया कि वित्त मंत्री ने इस बजट में फार्मास्यूटिकल उद्योग, क्रिएटिव तकनीकी विकास, खेलों इंडिया, दिव्यांगों के लिए सहारा योजना सहित अनेक ऐसे प्रस्ताव रखे हैं जो समाज के सभी वर्गों के लिए दूरगामी नतीजे देने वाले साबित होंगे। केमिकल पार्क की स्थापना से लेकर करारोपण व्यवस्था के सरलीकरण और आयकर अधिनियम के सरलीकरण सहित अनेक ऐसे कदम इस बजट में उठाए गए हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक के नए भारत के स्वप्न के अनुरूप नतीजे देने वाले साबित होंगे। समाज के मजदूर, किसान, युवा, बुजुर्ग से लेकर हर वर्ग के लिए श्रीमती सीतारमण ने बहुत सोच-समझकर देश के नवनिर्माण की परिकल्पना को मूर्त रूप देने का प्रयास किया है।

## होली पर दुर्लभ संयोगः भद्रा व चंद्र ग्रहण एक साथ, 12 घंटे पहले सूतक काल शुरू

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** •इस वर्ष होली पर्व पर भद्रा और खग्रास चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसको लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। 2 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा, जबकि अगले दिन 3 मार्च को धुलेंडी के दिन खग्रास चंद्र ग्रहण रहेगा। ग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा, जिसमें शुभ कार्य और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, 2 मार्च को शाम 5:55 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्रसम्मत और श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने बताया कि फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है।



17 मिनट तक पूर्ण खग्रास की स्थिति धुलेंडी के दिन 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। यह उदित चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें लगभग 17 मिनट तक पूर्ण खग्रास स्थिति बनी रहेगी। सूतक काल के दौरान आमतौर पर शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है। पानी से होली खेलने से बचने की सलाह ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ग्रहण के दिन केवल गुलाल यानी सूखे रंग से होली मनाई जा सकती है। इससे पर्व की धार्मिक मान्यता प्रभावित नहीं होती और किसी भी प्रकार का ग्रहण दोष नहीं लगता। इस दौरान जल से होली खेलने से बचने की सलाह दी गई है। शास्त्रीय नियमों और सावधानी के साथ होली मनाने से परंपरा और आस्था दोनों सुरक्षित रहती हैं। साधना का विशेष समय पंडित डिब्बेवाला ने बताया कि ग्रहण काल साधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। इस दौरान इष्ट देव या गुरु मंत्र की माला जाप करने से मंत्र सिद्धि का लाभ मिलता है।

## स्टंटबाजी का वीडियो, पुलिस ने 4 युवकों को पकड़ा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • इंदौर में सोशल मीडिया पर लापरवाही से गाड़ी चलाने के वीडियो सामने आए थे। वीडियो में कुछ युवक कार से बाहर लटकते नजर आ रहे थे, जिससे न सिर्फ उनकी बल्कि आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक पुलिस के सामने कान पकड़कर माफी मांगते नजर आए। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, मरीमाता से सदर बाजार के बीच वायरल वीडियो के आधार पर गाड़ी नंबर के जरिए मयूर, सुमित, हिमांशु और जय की पहचान की गई। पुलिस ने उनकी गाड़ियां जब्त कर ली हैं। इनमें से एक गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी और उसमें हूटर भी



लगा हुआ था। पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है और चेतावनी दी है कि इस तरह की हरकतें कानून का उल्लंघन हैं। युवकों ने माफी मांगते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे। बताया गया है कि सभी युवक पढ़ाई करते हैं और पार्टी के बाद सड़कों पर हंगामा कर रहे थे।

## वक्त की धूल धुली, तो फिर मुस्कुरा उठा बचपन, जगदाले स्कूल में 32 साल बाद यादों का मेला

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** •वक्त के पहिए पीछे घूम गए और चेहरे की झुर्रियों के पीछे छिपा वो मासूम बचपन एक बार फिर खिलखिला उठा। मौका था जगदाले स्कूल के 1992-93 बैच के री-यूनियन का, जहाँ सालों बाद सभी सहपाठी एक ही छत के नीचे जमा हुए। कबीर दास जी की पंक्तियाँ 'जहाँ दया तहँ धर्म है, जहाँ लोभ तहँ पाप' यहाँ चरितार्थ होती दिखीं, क्योंकि यहाँ न कोई पद का बड़ा था, न कोई छोटा—बस थी तो अटूट दोस्ती और दिल से दिल की बातें।

गुरुओं का सम्मान और भावुक मिलन कार्यक्रम की शुरुआत बेहद भावुक रही। जैसे ही पुराने शिक्षक स्कूल के गेट पर पहुँचे, उनके शिष्यों ने पलक-पावड़े बिछा दिए। शिक्षकों का भव्य स्वागत कर उन्हें ससम्मान प्रांगण में लाया गया, जहाँ छात्रों ने उनका आशीर्वाद लिया और सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री संजय जगदाले सर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, 'यह री-यूनियन केवल एक बैच तक सीमित न रहे, बल्कि हमें आने वाली हर क्लास को इससे जोड़ना है, जिसकी जिम्मेदारी आज की इस टीम को उठानी होगी।' उन्होंने इस प्रयास को नई ऊर्जा देने की बात कही।

### 'मेरे प्यारे बच्चों...' और नम आँखें

जब मंच से सुषमा अवधूत मैडम ने संबोधन शुरू करते हुए कहा- 'मेरे प्यारे बच्चों', तो वहां मौजूद हर शख्स भावुक हो गया। भले ही आज वे छात्र 50 साल




की उम्र के पड़ाव पर हों, लेकिन उन शब्दों ने उन्हें फिर से अपनी बेंच पर बैठे नन्हे छात्र बना दिया। स्कूल की दीवारें भी जैसे फुसफुसा रही थीं- 'मेरे आँगन में फिर से बचपन उतर आया है।' पापा की क्ङ्ङरू में आए बच्चे इस मिलन की सबसे खूबसूरत तस्वीर तब दिखी जब पूर्व छात्रों के बच्चे भी अपने माता-पिता का स्कूल देखने पहुँचे। बच्चों ने चुटकी लेते हुए कहा, 'आज हम पापा की (पेरेंट्स टीचर मीटिंग) में आए हैं।' पुराने अनुभवों को साझा करते हुए जगजीत सिंह की गजल-'ये दौलत भी ले लो, ये शोहरत भी ले लो... मगर मुझको लौटा दो बचपन का सावन' हर किसी की जुबां पर थी।

### सेवानिवृत्ति पर मुख्य अभियंता श्रीवास्तव व व्यास का अभिनंदन



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • इंदौर की सेवा पूर्णकर सेवानिवृत्त होने पर मुख्य अभियंता (इंदौर क्षेत्र) कामेश श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता (सिविल) गिरीश व्यास, वरिष्ठ शीघ्रलेखक बसंत कुमार श्रीवास्तव का मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन इंदौर की ओर से पुष्पमालाएं पहनाकर व शॉल-श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर इन्हें बधाईयां व शुभकामनाएं दी। इनके उज्जवल भविष्य की व सदैव स्वस्थ, प्रसन्न रहने की कामनाएं की गई। इस अवसर पर झोनल सेक्रेट्री एन के यादव, प्रदेश प्रवक्ता मदन वर्मा, जेएल जोशी, संजय सकरगाये, सुरेन्द्र पटेल, सतीश पुंडलिक, अंबाराम काले, विरेन्द्र प्रताप मिश्रा, उमेश सिंह, मोनू स्वामी, स्वाति वक्ते इंदौर, एवं मकसूद पठान, उम्मेदसिंह राजपूत, कैलाश वर्मा, सहित अन्य साथी पदाधिकारी देवास, संजय चौधरी बुरहानपुर के शामिल हुए।

## कोरी समाज के परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने अपने जीवन साथी की तलाश में बैबाकी से दिया अपना परिचय



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • कोरी तंतुवाय समाज कल्याण संगठन जबलपुर के तत्वावधान में दमोहनाका के समीप बारात घर में कोरी/कोली समाज के प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने अपने जीवन साथी की तलाश में मंचासीन होकर बैसाखी के साथ अपना परिचय दिया। वहीं आयोजकों के साथ अतिथियों ने युवकों की शिक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लड़कियों के मुकाबले लड़के शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे हैं, ऐसे में रिस्ते जोड़ने में माता-पिता को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जबलपुर महापौर जगतबहादुर सिंह तथा विशेष अतिथि के रूप में विधायक अभिलाष पांडेय, पूर्व मंत्री नारायणप्रसाद कबीरपंथी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजि. जी पी कोरी ने की। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष एस एल कोरी, महामंत्री गोपालदास कोरी, सचिव मुन्नालाल कोरी, झलकारी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सिया कोरी, सागर समाज के अध्यक्ष दिनेश तन्तुवाय, ठाकुरदास कोरी, छत्तीसगडढ़ से अरविंद वैश्य, नरसिंहपुर से सोमराज कोरी आदि ने समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विचार रखे।

## विधायक गोलू शुक्ला ने अपने जन्मदिन पर दृष्टिहीन बच्चों को फल एवं मिठाई का तोहफा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • सनातनी विधायक गोलू शुक्ला का जन्मोत्सव संस्था शिवादीप की मेजबानी में नवलखा स्थित मप्र दृष्टिहीन कल्याण संघ प्रकाश नगर पर दृष्टिहीन बच्चों के बीच मिठाई एवं उपहार वितरण के साथ मनाया गया। इस मौके पर विधायक शुक्ला ने दृष्टिहीन कल्याण संघ के भवन के परिसर में उद्यान, फेंसिंग एवं अन्य जरूरतों के लिए 5 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने एमआईसी सदस्य मनीष मामा को भी निर्देश दिए कि संस्था की समस्याओं को



हल कराने की पहल करें। संस्था के प्रमुख संदीप गोयल ने बताया कि इस मौके पर दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, राहुल गोयल बंटी, एमआईसी सदस्य मनीष मामा, अरुण बागड़ी, कमल बोडाना, दीप खत्री, जानी सिरसिया, राजानी ताई एवं नितेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विधायक शुक्ला के स्नेहीजनों ने दृष्टिहीन बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें फल, बिस्किट, चिप्स एवं अन्य उपहार भेंट किए।

## शहर के खाटू श्याम भक्तों द्वारा फागुन की अगवानी में श्याम फाग महोत्सव के आयोजन की तैयारियां शुरू

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • शहर के खाटू श्याम मंडलों में फाग महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दिव्य शक्ति पीठ, एमआर 10 रोड पर श्री श्याम मंडल द्वारा 22 फरवरी को श्री श्याम फाग महोत्सव का वृहद आयोजन किया जाएगा जिसमें कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी अपने भजनों की गंगा बहाएँगे। आयोजन में शहर के सभी प्रमुख श्याम भक्त मंडल भागीदार बनेंगे।

संगठन के प्रमुख बाबूलाल अग्रवाल, जयप्रकाश इंदौरिया, वीरेन्द्र नीमा ने बताया कि कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी रविवार 22 फरवरी को शाम 6.15 बजे से इस फाग महोत्सव में अपने रंगबिरंगे फाग भजनों की फुहारें बिखेरकर शहरभर के श्याम भक्तों को अपने रंग में रंगेंगे। श्री श्याम मंडल की स्थापना 10 वर्ष पूर्व तब हुई थी जब शहर में खाटू श्याम भजन मंडलों की संख्या अँगुलियों पर गिनी जा सकती थी। ताऊजी के नाम से प्रख्यात रहे स्व. निरंजनलाल शर्मा एवं स्व.



प्रह्लादराय इंदौरिया ने मिलकर इस मंडल की स्थापना की थी। उनके निधन के पश्चात अब जयप्रकाश इंदौरिया, आशीष शर्मा, राकेश भौमिया, विशाल शर्मा, राजेश भौमिया, गौरीशंकर शर्मा, राकेश महर्षि और वीरेन्द्र नीमा जैसे श्याम भक्त इंदौर श्याम मंडल का नाम अपने भक्ति एवं सेवा कार्यों से आगे बढ़ा रहे हैं। अब तक सभी आयोजन श्याम भक्तों की भागीदारी में अलग-अलग स्थानों पर प्रत्येक एकादशी को होते रहे हैं लेकिन अब पहली बार फाग महोत्सव का वृहद आयोजन एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ परिसर पर करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गिरधर महल के संचालक प्रद्युम्न सिंघल प्रमुख यजमान मनोनीत किए गए हैं।

मनोज चितलांगिया एवं आशीष-राकेश भौमिया के अनुसार इस मौके पर खेड़ीघाट बडवाह के महानिर्वाणी अखाड़ा पंचायती के महामंडलेश्वर स्वामी श्याम चैतन्य पुरी के सानिध्य में श्याम बाबा का दरबार सजाकर पावन ज्योत, 56 भोग, इत्र वर्षा, फूलों के श्रृंगार के साथ ही ढप चंग का धमाल भी आयोजित होगा। अयोजन से जुड़े गौरीशंकर शर्मा, राजा इंदौरिया, राकेश महर्षि, राजेश भौमिया, विशाल शर्मा, विक्की शर्मा, राकेश भूत, दिनेश शर्मा बालाजी, मुकेश महर्षि एवं गणेश महर्षि को विभिन्न समितियों का जिम्मा सौंपा गया है। भजन संध्या में प्रवेश निशुल्क रहेगा लेकिन बैठक व्यवस्था पहले आएं पहले पाएं के आधार पर ही संभव होगी।

सांध्य दैनिक

इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### खेल के मैदान पर सियासत कर रहा पाकिस्तान, टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से न खेलने का है मुद्दा

बांग्लादेश के नाहक ही अपनी जिद पर अड़े रहने के कारण उसे क्रिकेट टी20 विश्व कप से बाहर कर दिए जाने के बाद पाकिस्तान की ओर से भारत के साथ मुकाबला न खेलने के एलान को खेल के राजनीतिकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। हैरत की बात है कि पाकिस्तान सरकार ने अपने इस निर्णय के पीछे स्पष्ट रूप से कोई वजह भी नहीं बताई है। ऐसे में माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान ने सोची-समझी रणनीति के तहत यह फैसला किया है। यह एक ऐसा कदम है, जिससे न केवल पाकिस्तान क्रिकेट टीम की साख को नुकसान होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेलों पर भी इसका दूरगामी असर पड़ सकता है। इससे खेल भावना की गरिमा को भी ठेस पहुंची है, क्योंकि इस तरह के खेलों का आयोजन राष्ट्रों के बीच एकता, शांति, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली माध्यम होता है। इसलिए खेलों को भू-राजनीतिक तनाव और सियासत के दायरे से परे रखा जाना चाहिए। दरअसल, इस गतिरोध की शुरुआत आइसीसी के उस फैसले से हुई थी, जिसमें सुरक्षा आश्वासनों को मानने से इनकार करने और अपने सभी मैच भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की जिद के बाद बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया गया था। आइसीसी के इस फैसले के बाद पाकिस्तान के क्रिकेट और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिलीं थी। पाकिस्तान ने भले ही भारत के साथ मैच न खेलने के फैसले की कोई वजह नहीं बताई है, लेकिन उसके मंसूबों को साफ समझा जा सकता है। इसमें दोराय नहीं कि भारत-पाकिस्तान का मुकाबला किसी भी आइसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रोमांचकारी माना जाता है, जिसे वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक दर्शक, प्रायोजकों की रुचि और प्रसारण राजस्व मिलता है। इसलिए आइसीसी के सामने भी वित्तीय और नियामकीय चुनौतियां खड़ी होने की आशंका है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग भी जोर पकड़ रही है। ऐसे में आइसीसी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में खेल भावना के साथ कोई खिलवाड़ न हो।

# नकली या घटिया बीजों का प्रयोग किसान की पूरी फसल उसकी आय, ऋण चुकाने की क्षमता और अंतत:उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है

वर्तमान डिजिटल प्रतिस्पर्धा युग में वैश्विक अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ- साथ नकली और निम्न गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रसार भी एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय चुनौती बन चुका है। चाहे वह दवाइयाँ हों, खाद्य पदार्थ हों, कृषि आदान हों या तकनीकी उपकरण, नकली माल का उपयोग उपभोक्ताओं के लिए केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवन की समग्र गुणवत्ता पर भी गहरा प्रतिकूल प्रभाव डालता है।विडंबना यह है कि जहां एक ओर उपभोक्ता इस बहुआयामी क्षति को झेलता है, वहीं दूसरी ओर इस गैरकानूनी गतिविधि से जुड़े तत्व भारी आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं। यही कारण है कि आज विश्व स्तरपर यह स्वीकार किया जा रहा है कि नकली उत्पादों से निपटने के लिए केवल सामान्य आपराधिक कानून पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र- विशेष के लिए विशेष और कठोर कानूनों की आवश्यकता है। कृषि क्षेत्र में इस समस्या का प्रभाव और भी अधिक गहरा है,क्योंकि यहां नुकसान केवल एक उपभोक्ता तक सीमित न होकर खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय कृषि प्रणाली तक फैल जाता है। नकली या घटिया बीजों का प्रयोग किसान की पूरी फसल,उसकी आय,ऋण चुकाने की क्षमता और अंतत: उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यही पृष्ठभूमि है, जिसमें भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित बीज विधेयक, 2025 को ला रही है।यह एक ऐसा विधायी प्रयास जो न केवल नकली बीजों पर अंकुश लगाने का लक्ष्य रखता है,बल्कि किसानों के अधिकारों की रक्षा करते हुए कृषि बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। बीज विधेयक, 2025 दरअसल 1966 के पुराने बीज अधिनियम का स्थान लेने के लिए लाया गया है, जो वर्तमान समय की जटिलताओं और बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप अपर्याप्त सिद्ध हो रहा था। पिछले कुछ दशकों में बीज उद्योग में निजी कंपनियों, हाइब्रिड और उन्नत किस्मों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और डिजिटल आपूर्ति श्रृंखलाओं का तीव्र विस्तार हुआ है, लेकिन नियामक ढांचा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो सका। इस अंतर का लाभ उठाकर नकली बीजों का संगठित कारोबार फलता-फूलता रहा,जिसके परिणामस्वरूप किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। नए विधेयक का मूल उद्देश्य इसी असंतुलन को सटीक रूप से दूर करना है।



अगर हम बीज विधेयक, 2025 को समझने की करें तो इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बीजों की गुणवत्ता को एक राष्ट्रीय मानक के अंतर्गत लाने का प्रयास करता है। विधेयक के अनुसार, बाजार में बेची जाने वाली सभी बीज किस्मों का अनिवार्य पंजीकरण आवश्यक होगा। इसका अर्थ यह है कि कोई भी बीज, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा विकसित हो या निजी कंपनियों द्वारा,बिना नियामक स्वीकृति के किसानों तक नहीं पहुंच सकेगा। यह प्रावधान नकली और अप्रमाणित बीजों के लिए बाजार के दरवाजे बंद करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।इसके साथ ही, विधेयक बीज उत्पादकों, बीज प्रसंस्करण इकाइयों, डीलरों और पौध नर्सरियों के अनिवार्य पंजीकरण का प्रावधान करता है। यह व्यवस्था पूरी आपूर्ति श्रृंखला को निगरानी के दायरे में लाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो।अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताता है कि कृषि आदानों में पारदर्शी ट्रैकिंग और पंजीकरण प्रणाली नकली उत्पादों को रोकने का सबसे प्रभावी साधन होती है, और इस दृष्टि से बीज विधेयक, 2025 भारत को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के समकक्ष खड़ा करता है। विधेयक क़ो एक अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान से समझने की करें तो, आपातकालीन परिस्थितियों में बीज बिक्री मूल्यों का विनियमन है। प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तनजनित संकटों या महामारी जैसी स्थितियों में अक्सर बीजों की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ा दी जाती हैं।इसका सीधा बोझ किसान पर पड़ता है।बीज विधेयक सरकार को यह अधिकार देता है कि वह ऐसी असाधारण परिस्थितियों में बीजों की कीमतों को नियंत्रित कर सके, जिससे किसानों का शोषण रोका जा सके। यह प्रावधान कृषि को केवल बाजार की शक्तियों के हवाले न छोड़कर सामाजिक न्याय के सिद्धांत से जोड़ता है।बीजों के प्रदर्शन का अनिवार्य लेबलिंग भी विधेयक का एक केंद्रीय तत्व है। लेबलिंग के माध्यम से बीज की किस्म, अंकुरण क्षमता, शुद्धता, उत्पादन वर्ष और अन्य आवश्यक जानकारियाँ स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे किसानों को सूचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी और धोखाधड़ी की संभावना न्यूनतम होगी। वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि सूचना की पारदर्शिता उपभोक्ता संरक्षण का सबसे मजबूत आधार है, और बीज विधेयक इसी सिद्धांत को कृषि क्षेत्र में लागू करता है। डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विधेयक में 'साथी पोर्टल' पर अनिवार्य पंजीकरण का प्रावधान भी किया गया है। यह पोर्टल बीज से जुड़े सभी हितधारकों उत्पादकों डीलरों और नियामक एजेंसियों के बीच एक साझा डिजिटल मंच प्रदान करेगा। इससे न केवल निगरानी और शिकायत निवारण की प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि नीति-निर्माण के लिए विश्वसनीय डेटा भी उपलब्ध होगा। अंतरराष्ट्रीय कृषि शासन में डेटा-आधारित नियमन को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, और इस दृष्टि से यह प्रावधान भारत को भविष्य के लिए तैयार करता है। बीज विधेयक, 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण आशंकाओं को समझने की करें तो,यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि कहीं यह किसानों की पारंपरिक प्रथाओं और अधिकारों को सीमित न कर दे। हालांकि विधेयक इस संदर्भ में अत्यंत स्पष्ट है। इसके प्रावधान किसानों और उनकी पारंपरिक किस्मों पर लागू नहीं होते।यह विधेयक पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के अनुरूप किसानों के उन अधिकारों की रक्षा करता है, जिनके तहत वे बीजों को उगाने, बोने, सहेजने, आदान-प्रदान करने और बेचने के लिए स्वतंत्र हैं। यह संतुलन इस विधेयक की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है।इसके अतिरिक्त, जैविक विविधता अधिनियम, 2002 और पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के अंतर्गत पहले से ही किसानों, सामुदायिक बीज उत्पादकों और स्वदेशी किस्मों की सुरक्षा के लिए जो प्रावधानमौजूद हैं यह विधेयक उनके साथ सामंजस्य स्थापित करता है। इसका अर्थ यह है कि बीज विधेयक,2025 किसीमौजूदा अधिकार को कमजोर नहीं करता, बल्कि नियमन और संरक्षण के बीच एक व्यावहारिक संतुलन बनाता है। इस विधेयक को दंडात्मक प्रावधानों की दृष्टि से भी समझने की करें तो, यह विधेयक पुराने कानून की तुलना में अधिक प्रभावी है। नकली बीजों की बिक्री पर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना और कारावास का प्रावधान न केवल एक निवारक प्रभाव उत्पन्न करता है,बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी देता है कि कृषि क्षेत्र में धोखाधड़ी को अब हल्के में नहीं लिया जाएगा। वैश्विक स्तर पर कृषि इनपुट्स की गुणवत्ता को लेकर जो सख्ती अपनाई जा रही है, भारत का यह कदम उसी दिशा में है। विधेयक को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समझने की करें तो,बीज विधेयक, 2025 भारत को एक जिम्मेदार कृषि अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है।आज जब वैश्विक खाद्य सुरक्षा,जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे मुद्दे केंद्र में हैं, तब बीजों की गुणवत्ता और उपलब्धता निर्णायक भूमिका निभाती है। यह विधेयक न केवल घरेलू किसानों के हितों की रक्षा करता है, बल्कि भारत की कृषि आपूर्ति श्रृंखला को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उसकी विश्वसनीयता भी बढ़ाता है। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि बीज विधेयक, 2025 नकली माल के खिलाफ भारत की व्यापक नीति का कृषि क्षेत्र में ठोस प्रतिबिंब है। यह विधेयक एक ओर किसानों को ठगी और नुकसान से बचाने का प्रयास करता है, तो दूसरी ओर कृषि बाजार में अनुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्ता संस्कृति को मजबूत करता है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है,तो यह न केवल किसानों के जीवन को खुशहाल बनाने में सहायक होगा,बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करेगा। इस दृष्टि से बीज विधेयक, 2025 को केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत की कृषि नीति में एक संरचनात्मक सुधार के रूप में देखा जाना चाहिए।

–संकलनकर्ता लेखक – **किशन सनमुखदास भावनानी,** गोंदिया महाराष्ट्र

## आंचलिक

# शव रखा रहा...और होता रहा पथराव 6 घायल, 3 थानों की पुलिस पहुंची

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● महेश्वर में अंतिम संस्कार के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। पथराव में गांव के चौकीदार समेत 6 ग्रामीण घायल हो गए। हालात पर काबू पाने के लिए तीन थानों की फोर्स भेजी गई। मामला सुलगांव दगड़ी गांव में सोमवार का है। गांव में ही रहने वाले मोहन पाटीदार की मां का निधन हो गया था। परिजन और रिश्तेदार अंतिम संस्कार करने नर्मदा तट से करीब 200 मीटर दूर खुले स्थान पर पहुंचे। दाह संस्कार की तैयारी के दौरान गांव के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि अंतिम संस्कार नर्मदा से निर्धारित दूरी पर करना चाहिए। आपत्ति को लेकर बातचीत, बहस में बदली। फिर विवाद हिंसक हो गया। दूसरे पक्ष ने अंतिम संस्कार कर रहे लोगों पर पथराव कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मंडलेश्वर एसडीओपी श्वेता शुक्ला मौके पर पहुंचीं।



मंडलेश्वर, महेश्वर और कसरावद थानों से पुलिस बल बुलाया। जिसकी मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया।

एसडीओपी शुक्ला के मुताबिक, अंतिम यात्रा में 200 से ज्यादा लोग शामिल थे। दोनों पक्षों में से तीन-तीन लोगों को मामूली चोटे आई हैं। चौकीदार श्रवण पिता रणछोड़ शिवन्या की पीठ पर पत्थर लगा जबकि आमिर पिता हकीम खान के सिर में चोट आई है। गांव में फिलहाल शांति है। पथराव करने वालों की पहचान की जा रही है।

सरपंच ने कहा- जिस जगह पर अंतिम संस्कार किया जा रहा था, उसके आसपास लोग रहते हैं। उनका कहना है कि यह स्थान अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित नहीं है। घरों के पास अंतिम संस्कार होने से धुआं फैलता है। बच्चे डर जाते हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 296(b) और 351(3) के तहत क्रॉस एफआईआर दर्ज की है।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालक गिरफ्तार, 5 दिन से डेढ़तलाई में छिपा था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● सम्यक गोल्ड कॉलोनी के क्लब हाउस में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के मुख्य संचालक और कांग्रेस नेता इमरान परियानी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। परियानी बीते पांच दिनों से मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र बॉर्डर के डेढ़तलाई इलाके में छिपा हुआ था और महाराष्ट्र भागने की फिराक में था। पुलिस इस मामले में अब तक इमरान परियानी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस का कहना है कि अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण आर्य ने बताया कि 26 जनवरी की रात पुलिस टीम ने पड़ेला हनुमान रोड स्थित वीरान पड़े सम्यक गोल्ड कॉलोनी के क्लब हाउस में दबिश दी थी। यहां अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान मौके से सुतली बम बनाने का भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया। इसके साथ ही पटाखों के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक पिकअप वाहन को भी जब्त किया गया। जांच में सामने आया कि यह अवैध पटाखा फैक्ट्री कांग्रेस नेता इमरान परियानी और उसके साथी जितेंद्र उर्फ जीतू भाटी, निवासी बांगरदा रोड इंदौर, की पार्टनरशिप में चलाई जा रही थी। बैतूल निवासी नवीन यादव फैक्ट्री का सुपरवाइजर था, जो मजदूरों से सुतली बम बनवाकर परियानी और भाटी के निर्देश पर सप्लाई कराता था। नवीन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर 4 फरवरी तक रिमांड पर लिया है।

# चंदा मांगने के बहाने सास-बहू से चेन स्नेचिंग, किन्नर बनकर आए थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा के ग्राम बड़ियाग्यासुर में किन्नर का भेष बनाकर आए दो बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे और आधे घंटे तक गांव में घूमते रहे। पीड़िता मनीषाबाई पति आनंदसिंह देवड़ा ने बताया कि दो लोग बाइक पर सवार होकर उनके घर के बाहर रुके। दोनों किन्नर जैसे दिख रहे थे। उन्होंने पानी मांगा और फिर घर की चौखट तक आ गए। एक व्यक्ति बाइक पर मास्क लगाकर बैठा रहा, जबकि दूसरा नीचे उतरकर बातचीत करने लगा। बातों में उलझाते हुए आरोपी ने कहा कि वे अनाथ लोगों के लिए काम करते हैं और उनका अनाथ आश्रम है, जिसके लिए चंदा चाहिए। इसी दौरान उसने कुमकुम-चावल का तिलक भी लगाया, जिससे भरोसा हो गया। इसी बीच आरोपी ने मनीषाबाई को पास बुलाया और अचानक उनके गले में झपट्टा मारकर सोने का पेंडल खींच लिया। उस वक्त आसपास कोई मौजूद नहीं था।

जब मनीषाबाई ने जोर से चिल्लाया, तो घर के अंदर बर्तन साफ कर रही उनकी सास बाहर आईं। सास ने विरोध किया, तो आरोपी ने उनके साथ भी झपटमारी की और गले से माला और मंगलसूत्र छीन लिया। पीड़िता के अनुसार बदमाश करीब आधे घंटे तक गांव में रुके रहे। गांव में प्रवेश करते ही सबसे पहला घर उनका था और उसी के बाद गांव में अन्य जगहों पर भी वारदात को अंजाम दिया गया।

# असीरगढ़ रेंज में वनकर्मियों को आग रोकने के टिप्स बताए, अग्नि रेखा काटने-जलाने



**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● बुरहानपुर जिले की असीरगढ़ रेंज में सोमवार को वन विभाग ने वन अग्नि नियंत्रण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें वनकर्मियों को जंगल की आग पर कम समय में नियंत्रण पाने और उसे फैलने से रोकने के उपाय बताए गए। डीएफओ विद्या भूषण सिंह के निर्देशन में यह कार्यशाला वन परिक्षेत्र असीर की आशा देवी बीट के कक्ष क्रमांक 155 स्थित चूलखान नर्सरी में हुई। नेपानगर के एसडीओ विक्रम सुलिया ने अग्नि रेखा की कटाई और उसे जलाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन खंडों, वन मार्गों, पीडब्ल्यूडी मार्गों और पौधारोपण क्षेत्रों की पुरानी अग्नि रेखाओं को निर्धारित मापदंडों के अनुसार काटकर 15 फरवरी से पहले जलाया जाना चाहिए।

सुलिया ने सभी वनरक्षकों को अपनी-अपनी बीट क्षेत्र की समितियों की बैठकें आयोजित कर उन्हें भी वनों को आग से बचाने के लिए प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आग लगने पर त्वरित कार्रवाई करने और आग बुझाने वाले उपकरणों का सही उपयोग करने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान, बीट असीर के कक्ष क्रमांक 154 में ब्लोअर का उपयोग करके आग पर नियंत्रण पाने और काउंटर फायर विधि से वन अग्नि बुझाने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। धुलकोट के वन परिक्षेत्र अधिकारी मनोज वास्कले ने वनकर्मियों को वन अग्नि नियंत्रण के लिए जाते समय अपने साथ पीने का पानी ले जाने और खुद को निर्जलीकरण से बचाने की सलाह दी। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में नावरा रेंजर पुष्पेंद्र जादौन सहित असीर, धुलकोट और नावरा रेंज के वन कर्मचारी, अधिकारी और सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे। रेंजर असीर धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने आभार व्यक्त किया।

# पं. रघुनंदन शर्मा सर्वब्राह्मण महासभा अध्यक्ष बने, गायत्री शक्तिपीठ में सर्वसम्मति से चयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वाह** ● समाजसेवी पंडित रघुनंदन शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित समाज की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। इस अवसर पर महासभा के निवर्तमान अध्यक्ष पं. राजेंद्र जोशी ने नवनियुक्त अध्यक्ष पं. रघुनंदन शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। पं. राजेंद्र जोशी ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कार्यकारिणी सदस्यों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग



से सामाजिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयां मिली हैं और उन्हें विश्वास है कि नवनियुक्त अध्यक्ष पं. रघुनंदन शर्मा इन कार्यों को नया आयाम देंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष पं. रघुनंदन शर्मा ने समाज द्वारा जताए गए भरोसे के लिए सभी विप्रजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि समाज के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में और अधिक गति लाई जाए।

# कांग्रेस ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह, संगठन मजबूती का संदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● नेपानगर में सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। यह कार्यक्रम श्री गजानन मंदिर नेपानगर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय समर्थक उपस्थित रहे। कांग्रेस आईटी सेल प्रदेश महासचिव धीरज करोसिया ने बताया कि समारोह के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया जिससे आपसी भाईचारे और एकता को मजबूती मिली। कार्यक्रम में कांग्रेस परिवार की एकजुटता और संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखी। समारोह में जिन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया, उनमें पांडुरंग आमले (मंडल अध्यक्ष), संजय पवार (ब्लॉक अध्यक्ष



किसान कांग्रेस), शेख रफीक (नगर अध्यक्ष किसान कांग्रेस), राजेन्द्र मसाने (जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस) और कुणाल तोमर (ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस) शामिल हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। उन्होंने नेपानगर क्षेत्र में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, किसानों, युवाओं और आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

**न्यूज ब्रीफ**

### देवगुराडिया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ को फोरलेन सड़क स्वीकृत किया जाये

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर प्रवास के दौरान उनसे भेंट कर देवगुराडिया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ (नेमावर रोड/राज्य राजमार्ग 59-ए) को फोरलेन सड़क स्वीकृत करने का आग्रह किया। श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवगुराड़िया बायपास से डबल चौकी राघोगढ़ (नेमावर रोड/राज्य राजमार्ग 59-ए) मार्ग वर्तमान में संकरा एवं एकांकी होने के कारण यहां यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है, जिसके कारण आए दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम लगने से व्यापार, उद्योग, परिवहन एवं क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही है। उक्त मार्ग पर सांवेर क्षेत्र के विभिन्न गांव एवं शहरी क्षेत्र जुड़े होने के कारण क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### केमिकल युक्त गंदा पानी नाले में छोडने वाले उद्योगों पर जिला प्रशासन करें सख्त कार्यवाही-सिलावट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सांवेर तहसील के ग्राम कुमेडी और भानगढ़ क्षेत्र में उद्योगों द्वारा केमिकल युक्त बदबुदार काला पानी खेतों और खाली जमीन तथा नालों में छोड़ने का मामला संज्ञान में आने पर जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने जिला प्रशासन, नगर निगम और पदूषण विभाग विभाग के अधिकारियों के साथ नाले में मिल रहे दूषित पानी के स्थल का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने प्रदूषण विभाग के अधिकारियों और जिला एवं निगम प्रशासन को निर्देश दिये कि नाले में केमिकलयुक्त बदबुदार काला पानी छोडने वाले उद्योगों को हिदायत देते हुए पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाये। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि ग्राम कुमेडी और भानगढ़ क्षेत्र में उद्योगों द्वारा केमिकल युक्त बदबूदार काला पानी खेतों और खाली जमीन और नालों में छोडने का मामला संज्ञान में आने पर मौका निरीक्षण किया गया।

**कसौटी पर मेहनत : 6 व 7 फरवरी को होगा गोपनीय सामग्री का वितरण**

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी, 138 सेंटरों पर होगी परीक्षा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की परीक्षा की तैयारी अब अंतिम चरण में है। अगले कुछ दिनों में परीक्षा सामग्री यानी कि प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका, सप्लीमेंट्री कॉपी और अन्य सामग्री का वितरण आरंभ हो जाएगा । पहले दिन ग्रामीण क्षेत्र और दूसरे दिन शहरी क्षेत्र की परीक्षा सामग्री वितरण होगा प्रश्न पत्र जिस दिन वितरित किए जाएंगे उसी दिन थाने में जमा होंगे। उधर कलेक्टर ने सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के ब्लॉक में निर्धारित किए गए परीक्षा केंद्रों की सूची लॉक कर दी है। जिले में कुल 138 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। आगामी दिनों में केंद्र अध्यक्षों को उनके नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इस माह की 10 तारिख से 10वीं और 12वीं बोर्ड की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं आरंभ होने जा रही है लगभग एक माह से अधिक समय तक संचालित होने वाली इन परीक्षाओं को लेकर



विगत लगभग एक डेढ़ माह से माध्यमिक शिक्षा मंडल मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में और संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मुख्यालय भोपाल के अधिकारियों के डायरेक्शन में संभागीय मुख्यालय द्वारा परीक्षा की तैयारी का अंजाम दिया जा रहा है और इसके फीडबैक से कलेक्टर को भी अवगत कराया जा रहा है। इन तैयारी में जिला शिक्षा विभाग भी अहम भूमिका निभा रहा है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने केंद्रध्याक्षों की गोपनीय सूची फीडबैक रिपोर्ट के बाद लाक कर दी है। अब इंदौर, महू देपालपुर, सांवेर ब्लॉक में जितने भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहां प्राचार्य अथवा परीक्षा प्रभारी एवं वरिष्ठ व्याख्याता केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष बनाया बनाया गया है। इस मामले में किसी को भी कुछ नहीं पता है। जल्द ही सबको व्यक्तिगत रूप से परीक्षा के चार-पांच दिन पहले बता दिया जाएगा। ये सभी केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष 6 व 7 फरवरी को मालव कन्या स्कूल से परीक्षा सामग्री प्राप्त करेंगे और उसे थाने में जमा करेंगे।

सूत्रों का कहना है कि केंद्र अध्यक्षों की सूची लाक करने के साथ-साथ इन परीक्षाओं को लेकर कौन व्याख्याता इनविजीलेटर्स की भूमिका में रहेगा यह गोपनीय सूची भी तैयार की गई है। इसके साथ-साथ मध्य प्रदेश राय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जानी है। वह सूची भी तैयार हो गई है। यानी परीक्षा में पारदर्शिता और सख्ती को बनाए रखने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के अधिकारियों के मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग में यह कार्य अब तक इतना अंजाम तक पहुंच चुका है।

जानकारी के मुताबिक शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से अगले 6 व 7 फरवरी को ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों की अलग-अलग दिन पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच में परीक्षा सामग्री का वितरण किया जाएगा। 6 फरवरी को ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों को परीक्षा सामग्री दी जाएगी और केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष परीक्षा सामग्री लेकर संबंधित थाने में जमा कराएंगे। वहीं 7 फरवरी को शहरी क्षेत्र के परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष परीक्षा सामग्री लेकर थाने में रखवाएंगे। परीक्षा सामग्री में सील बंद प्रश्न पत्रों के लिफाफे और बॉक्स में उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया जाएंगे। थाने में परीक्षा पत्र जमा होने के बाद उसी दिन वह प्रश्न पत्र उत्तर पुस्तिका और अन्य परीक्षा सामग्री कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में पुलिस थाने पर पंचनामा बनाने के साथ जारी होगी और उसी का वितरण परीक्षा केंद्र पर संबंधित प्रश्न पत्र के दिन होगा।

**हायर सेकेंडरी की 10 से, हाई स्कूल की 13 से**

इस माह के पूर्वार्ध में शुरू होने जा रही हायर सेकेंडरी व हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं में हायर सेकेंडरी की परीक्षा भी 10 फरवरी से अंग्रेजी विषय से आरंभ होगी और 7 मार्च को हिंदी प्रश्न पत्र के साथ इस परीक्षा का समापन होगा। चलती परीक्षा के बीच ही मूल्यांकन कार्य की शुरुआत भी हो जाएगी। उधर हाई स्कूल परीक्षा की शुरुआत 13 फरवरी को उर्दू विषय के प्रश्न पत्र से होगी यह प्रश्न पत्र शुक्रवार को होगा और 6 मार्च को हिंदी प्रश्न पत्र के साथ दसवीं बोर्ड की परीक्षा का समापन होगा। जैसे-जैसे प्रश्न पत्र होते जाएंगे संबंधित विषय के विषय विशेषज्ञ व्याख्याता दोहरी जिम्मेदारी निभाएंगे यानी कि वह परीक्षा में भी ड्यूटी देंगे और उसके पश्चात दोपहर में मूल्यांकन कार्य भी करेंगे।

## इन्फ्लुएंसर के वीडियो से नाराज सांसद शंकर लालवानी, करवाई एफआईआर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सांसद शंकर लालवानी यूपी के एक इन्फ्लुएंसर जतिन से नाराज हो गए हैं। उन्होंने अपने प्रतिनिधि विशाल गिदवानी के जरिए पुलिस में इन्फ्लूएंसर के खिलाफ शिकायत की है। इन्फ्लुएंसर पर प्रतिबंधात्मक धारा में केस दर्ज किया है। अब सवाल यह है कि सेना पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में मंत्री विजय शाह पर इंदौर की पुलिस एक्टिव क्यों नहीं हुई।

सांसद प्रतिनिधि के जरिए यह वीडियो भी पुलिस को दिया गया है। इसमें जतिन कह रहे हैं कि जब वह इंदौर आए थे तो सांसद शंकर लालवानी से मिले थे। लालवानी बोले कि यहां इंदौर में रूको और स्वच्छ हवा, पानी देखो। इस पर मैंने (इन्फ्लुएंसर जतिन) कहा कि यहां तो दूषित पानी से 20 मर गए, आप क्या चाहते हैं कि हम भी मर जाएं। इस पर सांसद ने कहा कि कहां उनकी मौत का अफसोस कर रहे हो हम आपको मिनरल पानी पिलाएंगे। इन्फ्लुएंसर ने जब रूकने से मना किया तो सांसद प्रतिनिधि बोला सांसद से जुबान लड़ाएगा।



इंदौर में जिन सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र में मौतों पर संवेदना व्यक्त करने की तमीज नहीं हो, ऐसे लोगों को यहीं के लोग जिता देते हैं। यह अपनी गलती भी नहीं मानते हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि जाएं... में। जिन्हें मरने पर भी अफसोस नहीं। सांसद प्रतिनिधी गिदवानी ने कहा कि यह पूरी झूठी बातें और अभद्र टिप्पणी की गई है। सांसद उनसे कभी मिले ही नहीं। हाल ही में यह वीडियो हमारे संज्ञान में आया है। यह इंदौर, जनप्रतिनिधियों के लिए अभद्र वीडियो है और छवि खराब करने की कोशिश है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत की है।

एडिशनल डीसीपी डॉ. राजेश दंडोतिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने पर पहले ही बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश 163 जारी है। इसका उल्लंघन करने पर इन्फ्लुएंसर जतिन पर बीएनएसएस की धारा 223 व अपमानजनक टिप्पणी के लिए बीएनएस की धारा 352 के तहत केस दर्ज किया गया है। अब एक और बात पर आते हैं। मंत्री विजय शाह ने इंदौर जिले के महू में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल देश की बेटी को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसमें आज तक (2 फरवरी) पुलिस ने कोई केस दर्ज नहीं किया है। इसे लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और वहां से भी पुलिस और शासन से जवाब मांगा गया है। यानी जनप्रतिनिधियों के अपमान पर पुलिस की तेजी ऐसी होती है कि शिकायत मिलते ही 24 घंटे से कम समय में केस दर्ज हो जाता है, उनके खिलाफ शिकायत पर पुलिस की सुस्ती खत्म नहीं होती है और ना ही आगे बढ़कर एक्शन लेती है।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बताई सनातन धर्म की कमियां, बोले- अभी मैं संत नहीं बन पाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● धार दौरे के लिए सोमवार 2 फरवरी को इंदौर पहुंचे बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने सनातन धर्म की कई कमियों पर खुलकर बोला। साथ ही कहा कि हम अभी संत नहीं बन पाए हैं।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि दूसरों की निंदा करने की बजाय हमें अपने आत्मसुधार पर ध्यान देना चाहिए। उनका मानना है कि अगर हर सनातनी खुद को सुधारने की कोशिश करेगा तो सनातन धर्म और भी मजबूत बनेगा। इसके अलावा, उन्होंने कई कमियों का जिक्र किया जिनमें सबसे प्रमुख कुरीतियां और रूढ़ीवादिता शामिल हैं।

**निंदा और विवाद:** पंडित शास्त्री ने कहा, 'साधू समाज में निंदा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है, जो सनातन धर्म के लिए घातक है।'

**पुरानी कुरीतियां:** उन्होंने बलि प्रथा और अन्य पुरानी कुरीतियों को हटाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**मंदिरों का जीर्णोद्धार:** नए मंदिर तो बन रहे हैं, लेकिन पुराने



मंदिरों का जीर्णोद्धार नहीं हो रहा है, जो एक बड़ी कमी है।

**मंदिरों का उद्देश्य:** पंडित शास्त्री ने कहा कि मंदिर अब सिर्फ पिकनिक स्पॉट बनते जा रहे हैं, जबकि इनका असली उद्देश्य आस्था का केंद्र होना चाहिए।

**वैश्विक ज्ञान का अभाव:** 'हम सब एक-दूसरे को ज्ञान देते हैं, लेकिन हमें विश्व को ज्ञान देने की सोच नहीं रखते।'

**मैं किसी मजहब के खिलाफ या पक्ष में नहीं**-पंडित शास्त्री ने साफ किया कि वह किसी भी मजहब के खिलाफ नहीं हैं। उनका उद्देश्य सिर्फ सनातन धर्म की अच्छाइयों को बढ़ावा देना है। 'हम सिर्फ सनातन के पक्ष में हैं और सच बोलने से कभी चूकते नहीं,' उन्होंने कहा।

**आचरण से बनेंगे संत:**पंडित शास्त्री ने कहा कि संतों के विवाद पर बोलने की औकात हमारी नहीं है, क्योंकि हम अभी संत नहीं बन पाए हैं। हम वाणी से नहीं आचरण से संत बनना चाहते हैं।

आचरण से बनने के लिए हम अभी संत नहीं बन पाए हैं और जब नहीं बन पाए हैं तो हम किसी संत पर टिप्पणी भी नहीं कर सकते हैं। इतना कह सकते हैं कि जो देख पा रहे हैं भला नहीं है, अच्छा नहीं है बुरा लग रहा है। हमारे गांव में कहावत है कि अपनी जांघ निकालने से अपनी हंसी होगी।

## सिंहस्थ की तैयारियां जोरों पर : मप्र को 15188 करोड़ का रेल बजट मिला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश को 15,188 करोड़ रुपए का रेल बजट मिला है। इस साल भी इंदौर सहित प्रदेशभर के रेल प्रोजेक्ट को पिछले साल से ज्यादा राशि मिलेगी। रेल मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कहा कि उज्जैन में आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

उन्होंने आश्वस्त किया कि मेला अवधि के दौरान यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। रेल संचालन एवं यात्री सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

**मप्र में 100 फीसदी रेल लाइनों का विद्युतीकरण पूरा**- रेल मंत्री ने कहा प्रदेश में 1,18,379 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत न्यू ट्रैक्स प्रोजेक्ट्स पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 100 प्रतिशत रेल लाइनों को विद्युतीकरण हो गया है। अमृत स्टेशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को 3,163 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में रेलवे ट्रैक पर 1283 फ्लायओवर और रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इसके अलावा प्रदेश में 4591 रूट किमी रेलमार्ग पर कवच प्रणाली कार्य योजना तैयार कर ली गई है।

**पिछले साल से 10-20 फीसदी तक ज्यादा राशि मिलेगी**-सांसद लालवानी ने कहा बजट में प्रदेश को अच्छी राशि मिली है। उन्होंने कहा इंदौर-मनमाड़ नई रेल लाइन, इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन, महू-खंडवा गेज कन्वर्जन सहित अन्य रेल लाइन को पिछले साल से 10-20 फीसदी तक ज्यादा राशि मिलेगी। इसे लेकर उनकी रेलवे अधिकारियों से बात भी हुई है। इंदौर से जुड़े सभी प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और टाइमलाइन बनाकर कार्य करने की बात कही।

## भूमाफिया की साजिश से हटा पर्दा

### जमीन घोटाले में वकीलों ने भू माफिया की तरफ से पैरवी करने से मना किया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के बहुचर्चित पार्वती बाई की कनाड़िया भूमि घोटाले में जो पिछले कई दशकों से विभिन्न न्यायालयों में लंबित होकर अब इंदौर उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है मैं दो पक्षों द्वारा आपस में समझौता कर सौ करोड़ से अधिक की बहुमूल्य भूमि हड़पने का प्रयास किया था और समझौता पेश करने की बात जो पिछली तारीख पर कही थी उसके विपरीत एक पक्ष ने मुकदमा वापस लेने हेतु आवेदन किया।

मामले में न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होते देखा मुकदमा वापस लेने वालों के वकीलों ने अपना नाम प्रकरण से वापस लेकर न्यायालय के समक्ष कहा कि हम ऐसी साजिश का हिस्सा नहीं बन सकते हैं। विदित हो की



इंदौर बाईपास पर फिनिक्स मॉल के पीछे कनाडिया तहसील से लगी हुई भूमि जिसका खसरा क्रमांक 44 है और जिसका रक़बा तीन हेक्टेयर से अधिक है पर पूर्व में मृत पार्वतीबाई के कई वारिशों के द्वारा अपना दवा किया गया था परंतु तहसीलदार ने यह कहते हुए सब के दावे खारिज कर दिए थे कि इसमें से कोई भी विश्वसनीय नहीं है और रजिसट्रार को पत्र लिखकर भूमि के हस्तांतरण से मना कर दिया था भूमि में जब राजस्व न्यायालय से कोई सहायता नहीं मिली तो भूमाफियाओं ने कोर्ट का रुख कर समझौते की डिग्रियां हासिल कर ली और ऐसा ही प्रयास उच्च न्यायालय में द्वितीय अपील 2966/ 23 में भी किया जा रहा है। प्रकरण में एक अन्य पक्ष द्वारा भी कलेक्टर के समक्ष उक्त भूमि के आवंटन हेतु अपने ट्रस्ट के नाम से आवेदन दिया है एक अन्य पक्ष द्वारा इस संबंध में जनहित याचिका भी लगाई है जिसमें यह कहा गया है कि उक्त भूमि लावारिस होने से सरकार को अधिग्रहित कर लेनी चाहिए। कोर्ट ने सरकार से 4 हफ्ते में इस भूमि के संबंध में जवाब मांगा है।

# भागीरथपुरा में दूषित पानी से 32वीं मौत, कांग्रेस फिर 3 फरवरी को करेगी आंदोलन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा में दूषित पानी के चलते अब 32वीं मौत हुई है। लंबे समय से अस्पताल में भर्ती 65 वर्षीय अनिता कुशवाह की मौत हो गई है। वहीं कांग्रेस ने 3 फरवरी को एक बार फिर आंदोलन की घोषणा कर दी है। अभी भी तीन मरीज भर्ती हैं, जिनमें दो आईसीयू में हैं। दूषित पानी से बीमार होने के बाद अनिता कुशवाह (65) का बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। वह लंबे समय से वेंटिलेटर पर थीं। दूषित पानी से अब तक 32 मौतें हो चुकी हैं। अनिता के पुत्र नीलेश ने बताया कि उन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं थी।

उन्हें 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त के कारण पहले एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया और फिर घर ले गए थे। वहीं, तबीयत बिगड़ने पर उन्हें फिर अरविंदों अस्पताल में भर्ती कराया और तबीयत नहीं सुधरने पर उन्हें बॉम्बे अस्पताल ले जाया गया था। इस दौरान उनकी किडनी फेल हो गई थी, जिसके बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया।

उधर कांग्रेस ने 3 फरवरी को फिर इसी मामले में आंदोलन की घोषणा कर दी है। इससे पहले कांग्रेस इंदौर में न्याय यात्रा निकाल चुकी है। लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी भी 17 जनवरी को इंदौर आ चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जहरीले पानी से लगातार मौत हो रही है। इन सभी परिवारों से हम मिले थे। ये मौतें नहीं, हत्याएं हैं और यह




हत्याएं उन्हीं ने की, जिन्हें जल से जीवन देने की जिम्मेदारी थी। यह बीजेपी के अहंकार का परिचायक है। जिन्हें इंदौर जिता रहा है, उनकी जिम्मेदारी क्या थी और उन्होंने क्या किया ये उलटे गालियां देते हैं। इसका हिसाब लेना चाहिए।

कांग्रेस कह रही है कि इन नेताओं और जिम्मेदारों से इंदौर की जनता हिसाब ले। पीड़ितों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। गैर-इरादतन हत्या का केस हो और जिम्मेदार नेता व अधिकारी इस्तीफा दें, कार्रवाई हो।

इससे फीकल कोलिफॉर्म और ई-कोलाई जैसे खतरनाक बैक्टीरिया फैल गए। इसके अलावा, इलाके के बोरवेल का गंदा पानी नर्मदा की पाइपलाइन में घुसकर पीने के पानी को जहरीला बना रहा था। इस वजह से उल्टी और दस्त जैसी बीमारियां फैल गईं, और 3500 से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए। इसे भागीरथपुरा में दूषित पानी की घटना के मुख्य कारण के तौर पर बताया जा रहा है।

**हाईकोर्ट बना चुका है कमेटी**

इस मामले में हाईकोर्ट में चल रही जनहित याचिकाओं पर बेंच ने पूर्व जज की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच कमीशन गठित कर दिया है। यह कमीशन एक माह में अंतरिम जांच रिपोर्ट देगा। इसमें मौत के कारण, कुल संख्या, जिम्मेदारों की जिम्मेदारी सभी तय करेगा। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दिसंबर 2025 के आखिरी दिनों में दूषित पानी की वजह से एक बड़ा स्वास्थ्य संकट सामने आया। दरअसल, नर्मदा जल की पाइपलाइन में सीवेज और ड्रेनेज लाइन का पानी मिल गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।